# मध्य पश्चिम में शिकार करना

विक्टोरिया सरकार विक्टोरिया के मध्य पश्चिम क्षेत्र में 75,000 हेक्टेयर से भी अधिक क्षेत्रफल के नए पार्कों और अभ्यारण्यों (रिज़र्व) का निर्माण कर रही है, जिसमें तीन नए राष्ट्रीय उद्यान शामिल हैं।

## मध्य पश्चिम में मनोरंजन के लिए शिकार करना

मनोरंजन के लिए शिकार करने की अनुमति वाले स्थलों में परिवर्तन किया जाएगा। लेकिन नए राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्कों को स्थापित करने से पहले इन परिवर्तनों को लागू नहीं किया जाएगा।

मनोरंजन के लिए शिकार करने के लिए आस-पास के इलाकों में भी कई अवसर बने हुए हैं।

सभी शिकारियों के पास लाइसेंस होना और मौसमी प्रतिबंधों का पालन करना अनिवार्य है, जहाँ ये लागू हों।

## मनोरंजन के लिए शिकार करने के लिए समर्थन

- आप कार टूरिंग का आनंद उठाने में सक्षम होंगे/होंगी, जिसमें फोर-व्हील ड्राइविंग, ट्रेल बाइक राइडिंग, माउंटेन बाइकिंग और सभी पक्की सड़कों एवं जनता के लिए खुले मार्गों पर साइकलिंग कर पाना भी शामिल है।
- आप राष्ट्रीय पार्कों, संरक्षण पार्कों, क्षेत्रीय पार्कों और राजकीय वनों में स्थित मार्गों और पथों पर भूमि प्रबंधक के निर्धारण के अनुसार माउंटेन बाइक राइडिंग और साइकलिंग का आनंद उठाने में सक्षम होंगे/होंगी।
- ड्राइवरों और सवारों को निर्धारित की गई सड़कों और मार्गों पर ही हमेशा रहना चाहिए और सड़कों तथा मार्गों के अन्य उपयोगकर्ताओं का सम्मान करना चाहिए।

## बुशवॉकिंग करना, पिकनिक मनाना, प्रकृति को निहारना और विरासत की प्रशंसा करना

सरकार मनोरंजन के लिए शिकार करने से विक्टोरिया को मिलने वाले सामाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक मूल्य को मान्यता देती है। इस सरकार का एक प्रमुख ध्यानकेंद्र यह सुनिश्चित करना है कि विक्टोरिया में भावी पीढ़ियों के लिए शिकार करना एक सुरक्षित, जिम्मेदारीपूर्ण और वहनीयतापूर्ण गतिविधि बनी रहे।

इस समय विक्टोरिया में 50,000 से भी अधिक गेम लाइसेंसधारक हैं जो राज्य की अर्थव्यवस्था में लाखों डॉलर का योगदान करते हैं, विशेषकर विक्टोरिया के ग्रामीण और क्षेत्रीय इलाको में।

सरकार ने गेम शिकार उद्योग के दीर्घकालिक समर्थन और मार्गदर्शन के उद्देश्य से अपनी वहनीयतापूर्ण शिकार कार्य योजना 2016-2020 (Sustainable Hunting Action Plan 2016-2020) में पहले से ही $5.3 मिलियन का निवेश किया है।

दूसरी वहनीयतापूर्ण शिकार कार्य योजना (Sustainable Hunting Action Plan) उपलब्ध कराने के लिए अगले चार वर्षों में अतिरिक्त $5.3 मिलियन का निवेश किया जाएगा। इस समय यह योजना विकसित की जा रही है और इस वर्ष बाद में इसे निर्गत कर दिया जाएगा।

यह दूसरी योजना पहली योजना के तहत शुरू किए गए बेहतरीन कार्य पर आगे निर्माण करेगी और वहनीयतापूर्ण तथा जिम्मेदारीपूर्ण शिकार के समर्थन के लिए नए कार्यों का संग्रह विकसित करेगी।

विक्टोरिया सरकार ऑस्ट्रेलियाई हिरण संगठन (Australian Deer Association) को $686,000 का अनुदान निधीकरण प्रदान कर रही है, ताकि वे मनोरंजन के लिए शिकार करने वालों को हिरण नियंत्रण कार्यक्रमों में भाग लेने में सक्षम बनाने के लिए प्रशिक्षण व मान्यता प्रदान करने वाले अपने स्वयंसेवक कार्यक्रम को समर्थित कर सकें।

इसके अलावा सार्वजनिक भूमि पर स्वयंसेवक शिकारियों द्वारा कीट-पशु नियंत्रण कार्यक्रमों के नियोजन, समन्वय और वितरण के लिए चार वर्षों की अवधि में $1 मिलियन का निवेश किया जा रहा है। इसे पार्क्स विक्टोरिया (Parks Victoria) और स्पोर्टिंग शूटर्स एसोसिएशन ऑफ़ ऑस्ट्रेलिया (Sporting Shooters Association of Australia) के बीच एक साझेदारी के रूप में उपलब्ध कराया जाएगा। विक्टोरियावासी मध्य पश्चिम विक्टोरिया में स्थित राजकीय वनों में शिकार करने में सक्षम हो पाएँगे।

निम्नलिखित कार्य व्यवस्थाएँ लागू होंगी:

## वेल्सफोर्ड ब्लॉक

बेंडिगो क्षेत्रीय पार्क के विस्तारण का मतलब है कि उस क्षेत्र में आगे मनोरंजन के लिए शिकार करने की अनुमति नहीं होगी। इस क्षेत्र में वर्तमान में अनुमत अन्य सभी मनोरंजनात्मक गतिविधियों के लिए अनुमति दी जाएगी।

## वॉम्बैट-मैसेडॉन ब्लॉक

वॉम्बैट-लर्डरडर्ग राष्ट्रीय पार्क के उन क्षेत्रों में मौसमी रूप से हिरण का (पीछा करके) मनोरंजन के लिए शिकार करने की अनुमति दी जाएगी, जहाँ वर्तमान में इसकी अनुमति है। मौसम को मई और स्कूल के स्प्रिंग अवकाशों के आरंभ होने के बीच की अवधि तक ही सीमित किया जाएगा।

## माउंट कोल-पिरेनीस ब्लॉक

इस ब्लॉक में राजकीय वन के बनाए रखे गए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में शिकार करने की अनुमति जारी रहेगी। वर्तमान

माउंट कोल गेम अभयारण्य (रिज़र्व) को निरस्त कर दिया जाएगा, ताकि राजकीय वन के इस क्षेत्र में हिरण के शिकार की अनुमति दी जा सके।

नए पिरेनीस राष्ट्रीय पार्क के उन क्षेत्रों में मौसमी रूप से हिरण का (पीछा करके) मनोरंजन के लिए शिकार करने की अनुमति दी जाएगी, जहाँ वर्तमान में इसकी अनुमति है।

## इन परिवर्तनों के बारे में

ये परिवर्तन विक्टोरियाई पर्यावरण मूल्यांकन परिषद (वीईएसी) [Victorian Environmental Assessment Council (VEAC)] की मध्य पश्चिम जांच अंतिम रिपोर्ट (Central West Investigation Final Report) और इसकी अनुशंसाओं के प्रति विक्टोरिया सरकार की प्रतिक्रिया को प्रतिबिंबित करते हैं।

ये परिवर्तन हमारी बहुमूल्य पर्यावरणीय और जैव-विविधता संबंधी परिसंपत्तियों का संरक्षण करते हैं और एक संवहनीय संतुलन का निर्माण करते हैं, जिसका उद्देश्य भूमि के सभी उपयोगकर्ताओं की आवश्यकताओं को वर्तमान और भविष्य में पूरा करना है।

आप हमारी वेबसाइट पर सरकार की प्रतिक्रिया देख सकते/सकती हैं।

घरेलू जलाऊ लकड़ी संग्रह के बारे में और अधिक जानकारी इस वेबसाइट पर उपलब्ध है: https://www.ffm.vic.gov.au/firewood/firewood-collection-in-your-region

यदि आपको समर्थन की आवश्यकता है, तो अनुवाद और भाषांतरण में सहायता के लिए कृपया Translating and Interpreting Service (TIS) से संपर्क करें। TIS National से 131 450 पर (ऑस्ट्रेलिया के अंदर) संपर्क करें या वेबसाइट www.tisnational.gov.au पर जाएँ।